1 मार्च, 2018

विश्व मामलों की भारतीय परिषद्

ISSUE BRIEF

कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति : छः दलीय सदस्यों के प्रत्युत्तर (उत्तरी कोरिया, अमेरिका, दक्षिणी कोरिया, चीन, रूस तथा जापान) - किसने क्या कहा

19-29 फरवरी, 2018

*संकलनकर्ता : डॉ. जोजिन वी. जॉन**

देश	टिप्पणियाँ
उत्तरी कोरिया	**प्रवक्ता - विदेशी मामले मन्त्रालय** 25 फरवरी, 2018[1] "डीपीआरके के विरुद्ध अनेक प्रतिबन्धों की घोषणा करके अमेरिका कोरियाई प्रायद्वीप में संघर्ष और युद्ध के गहरे बादल फैलाने के लिए उन्मत्त है। " "हम अपने विरुद्ध किसी युद्ध की प्रक्रिया को प्रत्येक प्रकार से रोकने पर विचार करेंगे और यदि अमेरिका वास्तव में हमारे सम्मुख 'गलत' ढंग से हमारे सम्मुख आता है तो हम इसे आवश्यक रूप से रोकने का उपाय नहीं करेंगे।" **प्रवक्ता - एशियाई प्रशान्त शान्ति समिति** 25 फरवरी, 2018[2]

	"वे पेंस अक्षम्य हैं जिन्होंने 'तानाशाही शासन' करते हुए तथा डब्ल्यूपीके केन्द्रीय समिति के प्रथम उप विभाग निदेशक सहित हमारे धन्यवाद योग्य मिशन को बुरी तरह से कलंकित करते हुए अखण्ड डीपीआरके सरकार की प्रतिष्ठा धूमिल करने का कार्य किया है।”

1 “US hit for bringing clouds of war to hang over Korean Peninsula”, KCNA, February 25, 2018, www.kcna.kp

2 "N. Korea condemns Pence for attacking leader's sister", The Yonhap News, February 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/25/0401000000AEN20180225000500315.html

	चांग उंग - अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के सदस्य 20 फरवरी, 2018 "यह पर्याप्त रूप से सम्भव है .... चूँकि छोटे-छोटे देश एशियाई खेलों में भाग लेते हैं अत: यह ओलम्पिक की अपेक्षा आसान होगा। " "मासिक्रियोंग स्की रिसोर्ट का प्रयोग किया जा सकता है। " उंग की यह टिप्पणी दक्षिणी कोरिया के गैंगवन प्रान्त के सरकारी कोई मून-सून की उस टिप्पणी के प्रत्युत्तर में था कि वे उत्तरी कोरिया के साथ एशियाई खेलों के सम्मिलित आयोजन पर विचार कर रहे हैं और उत्तरी कोरिया के स्की रिजॉर्ट का उपयोग किया जा सकता है। गैंगवन प्रान्त प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों का स्थान है जो निर्माणाधीन है।
अमेरिका	**हीदर नॉर्ट - प्रवक्ता, राज्य विभाग** 27 फरवरी, 2018[3] “परमाणु नि:शस्त्रीकरण हमारी शर्त है। हमारी नीति बदली नहीं है। हमने पहले दिन से ही इस प्रशासन से इस नीति के विषय में बात की है; और वही अधिकतम दबाव है, किन्तु यह कोरियाई प्रायद्वीप का परमाणु नि:शस्त्रीकरण भी है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि यह कुछ ऐसा है जिससे चीन सहमत है, यह कुछ ऐसा है जिससे दक्षिणी कोरिया तथा जापान सहमत हैं, इससे अन्य अनेक देशों सहित रूस सहमत है- कोरियाई प्रायद्वीप का परमाणु नि:शस्त्रीकरण, और हम इस पर अडिग हैं।" "इस प्रशासन के लिए सर्वोच्च सुरक्षा मुद्दा कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु नि:शस्त्रीकरण के इस दिन तक रहा है और बना है, जो उत्तरी कोरिया को इसके बैलिस्टिक तथा नाभिकीय अस्त्र कार्यक्रम के विकास से रोकने के लिए अधिकतम दबाव के अभियान पर कार्य कर रहा है।" **मार्क नैपर - चार्ज डी अफेयर्स, अमेरिकी दूतावास, सियोल** 28 फरवरी, 2018[4]

3 "Department Press Briefing", The US Department of States, February 27, 2018https://www.state.gov/r/pa/prs/dpb/2018/02/278913.htm

	"हमने अनेक बार देखा है कि उत्तरी कोरिया ने नाभिकीय तथा मिसाइल विकास को जारी रखने के लिए हमसे तथा दक्षिणी कोरिया एवं अन्य देशों से वार्ता में लगातार विलम्ब किया है। यदि अमेरिका तथा उत्तरी कोरिया के मध्य कोई वार्ता होनी सम्भव है तो उत्तरी कोरिया को परमाणु नि:शस्त्रीकरण के विषय में कुछ इच्छा दिखानी चाहिए।" जोसेफ यून की सेवानिवृत्ति पर उत्तरी कोरिया नीति के अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि श्री नैपर ने कहा; "पश्चिमी प्रेस तथा कोरियाई प्रेस में कुछ चिन्ताएँ व्यक्त की गयी हैं--किसी प्रकार उनका जाना अमेरिकी नीति में परिवर्तन प्रदर्शित करता है अथवा दबाव अभियान की हमारी अपनी राज्य नीति में अथवा दक्षिणी कोरिया के साथ हमारे घनिष्ठ समन्वयन में अमेरिकी प्रयासों को दुर्बल करती है।" "सत्य से परे कुछ नहीं हो सकता है। हमारी नीति यथावत है। दक्षिणी कोरिया के साथ हमारे घनिष्ठ समन्वय जारी और अक्षुण्ण हैं और बिना किसी परिवर्तन के यहाँ सियोल, वाशिंगटन तथा न्यूयार्क में हम अपने कोरियाई मित्रों तथा सहयोगियों के साथ घनिष्ठता से कार्य करना जारी रखेंगे।" **जोसेफ यून-उत्तरी कोरियाई नीति के विशेष प्रतिनिधि** 27 फरवरी, 20185 "मैं वार्ताओं के प्रति आशान्वित हूँ। आशा करता हूँ कि कोरियाई प्रायद्वीप के लिए एक उत्तम संवाद, शान्तिपूर्ण समाधान, सुरक्षा परिवेश में उन्नयन होगा।" उत्तरी कोरियाई नीति के विशेष अमेरिकी प्रतिनिधि जोसेफ यून इस सप्ताह के अन्त में सेवानिवृत्त हो रह हैं। राज्य विभाग ने बताया कि राजदूत निजी कारणों से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। **सारा सैण्डर्स - प्रेस सचिव, हवाइट हाउस** 26 फरवरी, 0186 "हम शासन पर अधिकतम दबाव अभियान जारी रखेंगे। हमारा यह भी विश्वास है कि उत्तरी कोरिया के लिए एक उज्ज्वल मार्ग उपलब्ध होगा। उन्होंने वार्ता की इच्छा व्यक्त की है। लेकिन हम स्पष्ट रूप से बताना चाहेंगे : उत्तरी कोरिया के साथ किसी भी वार्ता का परिणाम परमाणु नि:शस्त्रीकरण होना चाहिए। तब तक अमेरिका तथा विश्व का यह स्पष्ट मत रहेगा कि उत्तरी कोरिया को नाभिकीय तथा मिसाइल कार्यक्रम पूर्णत: समाप्त होने चाहिए।"

4 "U.S. does not want talks with N.K. aimed at buying time: acting ambassador", The Yonhap News, February 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/28/0401000000AEN20180228004954315.html

5 "Outgoing U.S. diplomat hopeful about U.S.-N.K. talks", The Yonhap News, February 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/27/0401000000AEN20180227013152315.html

6 "Press Briefing by Press Secretary Sarah Sanders", The White House, February 26, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-press-secretary-sarah-sanders-022618/

	"जैसा कि हम पहले कह चुके हैं कि हम जो भी वार्ता करेंगे वह सार्वजनिक बयानों के अनुरूप होगा और जिस बात की भी परिचर्चा की जायेगी वह एक मात्र इस प्रायद्वीप में परमाणु नि:शस्त्रीकरण के लिए सहमति पर केन्द्रित होगा।" **डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति** 26 फरवरी, 2018[7] "मेरे विचार से राष्ट्रपति शी अद्वितीय हैं। वह उत्तरी कोरिया के साथ हमारी सहायता कर रहे हैं - जो गत रात्रि की भाँति वार्ता चाहते हैं; आपने यह सुना होगा। वे वार्ता चाहते हैं। और हम भी केवल उचित स्थितियों में वार्ता चाहते हैं। अन्यथा हम वार्ता नहीं करने वाले हैं।" "चीन अच्छा रहा है, किन्तु वे महान नहीं रहे हैं। चीन ने वास्तव में कुछ अधिक ही किया है, सम्भवत: हमारे सम्बन्धों के कारण पहले की अपेक्षा अधिक किया है। हमारे सम्बन्ध बहुत अच्छे हैं किन्तु राष्ट्रपति शी चीन के लिए हैं और मैं अमेरिका के लिए। और रूस बुरा व्यवहार कर रहा है क्योंकि चीन जो निकाल रहा है उसमें रूस भेज रहा है।" "अत: चीन बहुत अच्छा कर रहा है किन्तु रूस अब भारी मात्रा में सामग्री भेज रहा है। मेरे विचार से प्रत्येक व्यक्ति जीवन की भारी क्षति की सम्भावना के विषय में बात कर रहा है; इतनी भारी संख्या में कि किसी ने कभी इसकी कल्पना नहीं की होगी, कभी सोचा नहीं होगा।" "अत: वे वार्ता चाहते हैं। पहली बार--वे बात करना चाहते हैं। और हम देखेंगे कि क्या होता है। यह मेरा विचार है : हम देखेंगे कि क्या होता है। किन्तु कुछ किया जाना आवश्यक है।" **वक्तव्य - हवाइट हाउस** 25 फरवरी, 2018[8]

---

7 "Remarks by President Trump at 2018 White House Business Session with Governors", The White House, February 26, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-2018-white-house-business-session-governors/

	"राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प का प्रशासन कोरियाई प्रायद्वीप का पूर्ण, पुष्टिकारक तथा अनुत्क्रमणीय परमाणु नि:शस्त्रीकरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका, ओलम्पिक खेलों का मेजबान हमारा कोरिया गणराज्य तथा अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय व्यापक रूप से सहमत हैं कि उत्तरी कोरिया के साथ किसी भी संवाद का परिणाम परमाणु नि:शस्त्रीकरण होना चाहिए। जब तक उत्तरी कोरिया परमाणु नि:शस्त्रीकरण नहीं करता है तब तक दबाव अभियान जारी रहेगा। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, यदि उत्तरी कोरिया परमाणु नि:शस्त्रीकरण का विकल्प चुनता है तो उसका मार्ग प्रशस्त होगा। हम देखेंगे कि प्योंगयांग का आज का सन्देश, कि यह वार्ता का इच्छुक है, परमाणु नि:शस्त्रीकरण के मार्ग पर पहला कदम किस प्रकार रखता है। इसी बीच अमेरिका तथा विश्व को यह स्पष्ट करते रहना चाहिए कि उत्तरी कोरिया के नाभिकीय तथा मिसाइल कार्यक्रम समाप्त करने ही होंगे।" **स्टीवेन नूचिन - राजकोष सचिव** 23 फरवरी, 2018[9] "आज राजकोष विभाग उत्तरी कोरिया के सम्बन्ध में अब तक के सबसे बड़े प्रतिबन्ध की घोषणा कर रहा है।" "इस कार्यवाही का लक्ष्य वे भ्रामक नौपरिवहन संक्रियाएँ हैं जिसने किम प्रशासन के खतरनाक आयुध कार्यक्रम को वित्तपोषित किया है। हमारी कार्यवाही का लक्ष्य विश्व की वे जहाजरानी तथा व्यापारिक कम्पनियाँ, जलयान तथा व्यक्ति हैं जिन्हें हम जानते हैं कि वे उत्तरी कोरिया की ओर से उसके साथ कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से हम 27 संस्थाओं, 28 जलयानों तथा 1 व्यक्ति पर प्रतिबन्ध लगा रहे हैं जो सभी प्रतिबन्ध की बचाव योजना में शामिल हैं।" **डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति** 23 फरवरी, 2017[10] "उत्तरी कोरिया - हमने अब तक किसी भी देश पर लगाये गये प्रतिबन्ध से बड़ा प्रतिबन्ध लगाया है।"

8 "Statement by the Press Secretary on Denuclearization of the Korean Peninsula", The White House, February 25, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/statement-press-secretary-denuclearization-korean-peninsula/
9 "Press Briefing by Treasury Secretary Steven Mnuchin on North Korea Sanctions", The White House, February 23, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/press-briefing-treasury-secretary-steven-mnuchin-north-korea-sanctions/
10 "Remarks by President Trump at the Conservative Political Action Conference", The White House, February 23, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-president-trump-conservative-political-action-conference-2/

"और स्पष्ट रूप से, आशापूर्वक कुछ सकारात्मक घटित हो सकता है। हम देखेंगे। किन्तु आशा है कि कुछ सकारात्मक घटित हो सकता है। किन्तु उसकी केवल घोषणा की गयी थी, और मैं चाहता था कि आप जान जायें। हमने अब तक का सबसे बड़ा प्रतिबन्ध लगाया है।"

एच.आर. मैक्मास्टर - राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

22 फरवरी, 2017[11]

"गत वर्ष यहाँ एकत्र हुए देशों ने कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु नि:शस्त्रीकरण हेतु एक अन्तर्राष्ट्रीय अभियान प्रारम्भ किया था। हमें समस्त उपलब्ध उपायों द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि पृथ्वी पर सर्वाधिक विनाशकारी हथियारों से युक्त यह क्रूर तानाशाही विश्व को आतंकित नहीं कर सकती है, किम प्रशासन पर दबाव बनाना चाहिए।"

"वे राष्ट्र जो पूर्ण प्रवर्तन से बच रहे हैं और ये कदम उठाने में असफल हैं वे गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रहे हैं। अब कुछ अधिक करने का समय आ गया है-- नाभिकीय शक्ति सम्पन्न उत्तरी कोरिया हम सभी के लिए प्रत्यक्ष खतरा है और परमाणु अप्रसार को गम्भीरतापूर्वक नकारता है।"

डोनाल्ड ट्रम्प - राष्ट्रपति

23 फरवरी, 2018[12]

"यदि प्रतिबन्ध प्रभावी नहीं होते हैं तो हम दूसरे चरण का उपयोग करेंगे।"

"दूसरा चरण अत्यन्त कठोर हो सकता है, विश्व के लिए अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण। किन्तु आशा है कि ये प्रतिबन्ध कार्य करेंगे।"

माइक पेन्स - उपराष्ट्रपति

22 फरवरी, 2018[13]

"आप जानते हैं कि सम्पूर्ण मीडिया उत्तरी कोरिया के तानाशाह की बहन की चापलूसी में लगा है, मेरे विचार से यह महत्त्वपूर्ण है कि प्रत्येक अमेरिकी जानता है कि वह व्यक्ति कौन है और उसने क्या किया है।"

---

11 "Remarks by LTG H.R. McMaster at the Munich Security Conference", The White House, February 22, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-ltg-h-r-mcmaster-munich-security-conference/

12 "U.S. imposes more North Korea sanctions, Trump warns of 'phase two'", The reuters, February 23, 2018, https://www.reuters.com/article/us-northkorea-missiles-trump/u-s-imposes-more-north-korea-sanctions-trump-warns-of-phase-two-idUSKCN1G71RD

13 "Remarks by Vice President Pence at the Conservative Political Action Conference", The White House, February 22, 2018, https://www.whitehouse.gov/briefings-statements/remarks-vice-president-pence-conservative-political-action-conference/

	"किम जोंग-उन की बहन इस धरती पर सर्वाधिक षडयन्त्रकारी तथा अत्याचारी शासन की केन्द्रीय आधार है--एक दुष्ट पारिवारिक गिरोह जिसने अपने 25 मिलियन लोगों की नृशंस हत्या की, गुलाम बनाया, भूखों मारा तथा जेल में डाल दिया।" "वे सभी मीडिया वाले जो सोचते हैं कि मुझे आगे आना चाहिए और उत्तरी कोरियाई लोगों का समर्थन करना चाहिए, मैं कहता हूँ, संयुक्त राज्य अमेरिका कभी हत्यारी तानाशाही के साथ नहीं रहेगा, हम हत्यारी तानाशाही के प्रभाव को समाप्त करेंगे।" **वक्तव्य - हवाइट हाउस** 21 फरवरी, 2018 "राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने आज 24 फरवरी, 2018 को प्रारम्भ होने वाले शीतकालीन प्योंगचांग ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह में भाग लेने के लिए कोरिया गणराज्य जाने वाले राष्ट्रपति प्रतिनिधिमण्डल के मनोनयन की घोषणा की।" "राष्ट्रपति की सहायक तथा सलाहकार सुश्री इवांका ट्रम्प प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्वी करेंगी।" **हीदर नोअर्ट - प्रवक्ता, अमेरिकी राज्य विभाग** 20 फरवरी, 2018[14] "अनुषंगी प्रस्ताव के प्रदर्शन तथा अमेरिकी एथलीटों का समर्थन करने के लिए उपराष्ट्रपति की दक्षिणी कोरिया की यात्रा के दौरान उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल के नेताओं के साथ एक संक्षिप्त मुलाकात की सम्भावना उभरी। उत्तरी कोरिया को इसके नाजायज बैलिस्टिक मिसाइल तथा नाभिकीय कार्यक्रम को समाप्त करने की आवश्यकता के लिए बाध्य करने हेतु उपराष्ट्रपति इस अवसर का उपयोग करने के लिए तैयार थे।" "अन्तिम क्षण में डीपीआरके के अधिकारियों ने इस बैठक को आयोजित न करने का निर्णय किया। इस अवसर को समाप्त करने के लिए उनकी असफलता का मुझे खेद है। हम अमेरिकी मूल्यों, मानवाधिकारों के हनन के लिए ध्यान आकर्षित करने अथवा एक युवा अमेरिकी की अन्यायपूर्ण हत्या पर विलाप करने के लिए क्षमायाचना नहीं करेंगे।" "हम उत्तरी कोरिया को उसके शासन की वास्तविक प्रकृति छिपाने तथा नाजायज अस्त्र कार्यक्रमों के आलोक में विश्व को एकजुट रहने की आवश्यकता के लिए उसे शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में भाग नहीं लेने देंगे। उत्तरी कोरिया के कूटनीतिक तथा आर्थिक पृथक्कीकरण को गम्भीर बनाने वाले अधिकतम दबाव अभियान तब तक जारी

	रहेंगे जब तक उत्तरी कोरिया परमाणु शस्त्र हीन प्रायद्वीप के लिए विश्वसनीय वार्ता हेतु आगे बढ़ने के लिए सहमत नहीं हो जाता है।"

14 US State Department, Facebook, February 20, 2018 https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=10155262793261074&id=15877306073

	निक आयर्स - चीफ ऑफ स्टाफ, उपराष्ट्रपति 20 फरवरी, 2018[15] “उत्तरी कोरिया ने उपराष्ट्रपति द्वारा अपने सन्देश को नर्म करने की आशा में एक बैठक लम्बित कर दी जो ओलम्पिक खेलों के दौरान विश्व मंच को उनकी अफवाहों के लिए समर्पित हो जाती।” “काश, उत्तरी कोरिया ने उपराष्ट्रपति द्वारा उन निरपेक्ष तथ्यों के प्रति ध्यानाकर्षण के लिए विश्व मंच का उपयोग न करने अथवा हमारी अधिकतम दबाव अभियान के लिए प्रतिबद्ध हमारे सशक्त गुटों का प्रदर्शन करने के लिए गर्मजोशी से प्रमुखता दी होती। किन्तु जैसा कि हमने इस यात्रा के विषय में पहले ही दिन कहा : यह प्रशासन ओलम्पिक खेलों में आकर्षक फोटो लगाकर अपने हत्यारे प्रशासन की लीपापोती करने के लिए किम की इच्छा के अनुरूप कार्य करेगा।”
दक्षिणी कोरिया	**वक्तव्य - विदेश मन्त्रालय** 28 फरवरी, 2018[16] विदेश मन्त्री कांग क्यूंग-हवा तथा उनके रूसी समकक्ष सर्गे लैवरोव संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक से अलग जेनेवा में मिले, मन्त्रालय के अनुसार, "दोनों व्यक्ति अन्तर-कोरियाई संवाद के लिए प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों द्वारा सृजित उत्साह को बनाये रखने तथा इसे उत्तरी कोरिया की नाभिकीय समस्या के शान्तिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से वार्ता में परिवर्तित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों हेतु सहमत हुए। "

15 "Pence was set to meet with North Korean officials during the Olympics before last-minute cancellation", Washington Post, February 20, 2018, https://www.washingtonpost.com/politics/pence-was-set-to-meet-with-north-korean-officials-during-the-olympics-before-last-minute-cancellation/2018/02/20/89392dfe-1684-11e8-942d-16a950029788_story.html?utm_term=.1935bbf76627

16 "S. Korean, Russian foreign ministers vow to peacefully resolve N.K. nuke issue", The Yonhap News, February 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/28/0401000000AEN20180228010700315.html

कांग क्यूंग हवा - विदेश मन्त्रालय

28 फरवरी, 2018[17]

"मैं निश्चित समय की भविष्यवाणी (अमेरिका-उत्तरी कोरिया वार्ता हेतु) नहीं कर सकता, किन्तु हम अमेरिका तथा उत्तरी कोरिया के मध्य वार्ता के लिए अनुकूल अवसर सृजित करने का प्रयास कर रहे हैं।"

वक्तव्य - एकीकरण मन्त्रालय

27 फरवरी, 2018[18]

"उत्तरी कोरिया शीतकालीन प्योंगचांग पैरालिम्पिक खेलों में पैरालिम्पिक समिति प्रतिनिधिमण्डल भेजेगा।"

चुन ही-संुग - उपमन्त्री, एकीकरण मन्त्रालय

27 फरवरी, 2018[19]

"हमारा विश्वास है कि (ओलम्पिक खेलों से प्रेरित) घनिष्ठता दोनों कोरिया के पुनर्मिलन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। यह मुद्दे के मौलिक समाधान (उत्तरी कोरिया के नाभिकीय कार्यक्रम) तथा अमेरिका उत्तरी कोरिया के मध्य वार्ता भी सम्पन्न करा सकती है।"

"हमें कोरियाई प्रायद्वीप में शान्ति स्थापित करने के लिए बहुपक्षीय प्रयास करने की भी आवश्यकता है।"

"(दोनों कोरियाई देश) परस्पर घनिष्ठ परामर्शन (लम्बित मुद्दों पर) में हैं। ऐसी कोई विशेष स्थिति नहीं है जो समस्या उत्पन्न करे।"

मून जे-इन - राष्ट्रपति

26 फरवरी, 2018[20]

"वार्ता के लिए अमेरिका को अपने मानदण्ड कुछ कम करने की आवश्यकता है और उत्तरी कोरिया को भी परमाणु नि:शस्त्रीकरण के लिए अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करनी चाहिए। यह महत्त्वपूर्ण है ताकि अमेरिका तथा उत्तरी कोरिया आमने-सामने बैठ सकें,"

17 "FM Kang soon to meet Tillerson in effort to broker talks between Pyongyang, Washington", The Yonhap News, February 28, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/28/0401000000AEN20180228006900315.html

18 "Joint Press Release of Inter-Korean Working-Level Talks regarding the PyeongChang Winter Paralympics", Ministry of Unification, February 28, 2018, www.unikorea.go.kr/eng_unikorea/news/news/?boardId=bbs_0000000000000033&mode=view&cntId=54364&category=&pageIdx=

19 "N.K.'s high-level delegation led by controversial official returns home", The Yonhap News, February 27, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/27/0401000000AEN20180227003752315.html

20 "Moon urges U.S. to lower bar for dialogue with N. Korea", The Yonhap News, February 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/26/0401000000AEN20180226005751315.html

	"हाल ही में, उत्तरी कोरिया ने उत्तरी कोरिया-अमेरिका वार्ता के प्रति सक्रिय इच्छा व्यक्त करता रहा है जबकि अमेरिका भी वार्ता की आवश्यकता के विषय में बात कर रहा है।" **कांग क्यूंग-हवा - विदेश मन्त्री** 26 फरवरी, 2018[21] "उत्तरी कोरिया को अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के आहवान पर ध्यान देना चाहि और अपने नाभिकीय तथा मिसाइल कार्यक्रम समाप्त करने चाहिए। इसे अपने अधिकतम संसाधनों को अपनी जनता तथा उनके मानव अधिकारों की सुरक्षा तथा प्रोत्साहन में लगाना चाहिए।" "मेरी सरकार उत्तरी कोरिया से सुरक्षा तथा मानव अधिकार, दोनों मुद्दों के विषय में परिवर्तन लाने की गुजारिश में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ बनी रहेगी।" "यह सुनिश्चित करना अनिवार्यता है कि प्योंगचांग की भावना खेलों के बाद भी बनी रहे ताकि कोरियाई प्रायद्वीप की गहरी जड़ों तक शान्ति स्थान बना सके और उत्तरी कोरिया में मानव अधिकारों की खौफनाक स्थिति को उन्नत बनाया जा सके।" **वक्तव्य - राष्ट्रपति कार्यालय** 26 फरवरी, 2018[22] 26 फरवरी, 2017 को दक्षिणी कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख चुंग इयू-योंग और राष्ट्रपति मून जे-इन की पार्टी सेन्ट्रल कमेटी के उपाध्यक्ष तथा प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह के उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल के प्रमुख किम योंग-चोल के साथ बैठक हुई। बैठक के सम्बन्ध में दक्षिणी कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, "दोनों पक्ष ने देखा कि शान्ति और एकता की ओलम्पिक भावना को यथार्थपरक बनाने के लिए और कोरियाई प्रायद्वीप में शान्ति तथा दक्षिणी-उत्तरी कोरियाई सम्बन्धों को पुनर्जीवित करने के लिए प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों ने एक अवसर प्रदान किया और कोरियाई प्रायद्वीप में स्थायी शान्ति की स्थापना, दक्षिणी-उत्तरी कोरिया सम्बन्ध के दीर्घकालीन विकास एवं अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग के लिए ओलम्पिक खेलों के बाद भी एक साथ कार्य करना जारी रखने पर सहमत हुए।

21 "Statement at the High Level Segment of the 37th Session of the Human Rights Council", Ministry of Foreign Affairs, ROK, February 27, 2018, www.mofa.go.kr/eng/brd/m_5689/view.do?seq=319532&srchFr=&srchTo=&srchWord=&srchTp=&multi_itm_seq=0&itm_seq_1=0&itm_seq_2=0&company_cd=&company_nm=&page=1&titleNm=
22 "Moon's top security aide holds talks with N. Korean delegates in Seoul", The Yonhap News, February 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/26/0401000000AEN20180226006751315.html

आधिकारिक - राष्ट्रपति कार्यालय

26 फरवरी, 2018[23]

"किम (योंग-चोल) ने कहा कि अमेरिका के साथ संवाद के लिए दरवाजे खुले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरी कोरिया ने भी बार-बार यही बात दुहराई है।"

पार्टी सेन्ट्रल कमेटी के उपाध्यक्ष तथा प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह के उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल के प्रमुख किम योंग-चोल ने यह टिप्पणी दक्षिणी कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख तथा राष्ट्रपति मून जे-इन के शीर्ष सुरक्षा सलाहकार चुंग इयू-योंग के साथ अपनी बैठक के दौरान की।

किम इयू-कियोम - प्रवक्ता राष्ट्रपति कार्यालय

25 फरवरी, 2018[24]

25 फरवरी, 2017 को राष्ट्रपति मून जे-इन ने पार्टी सेन्ट्रल कमेटी के उपाध्यक्ष तथा प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह के उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल के प्रमुख किम योंग-चोल के साथ एक बैठक की। बैठक के सम्बन्ध में दक्षिणी कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा,

"राष्ट्रपति मून ने रेखांकित किया कि दक्षिणी-उत्तरी कोरिया सम्बन्ध तथा कोरियाई प्रायद्वीप की समस्या के मौलिक समाधान हेतु अमेरिका-उत्तरी कोरिया वार्ता शीघ्र की सम्पन्न की जानी चाहिए।"

"उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल भी सहमत था कि उत्तरी कोरिया-अमेरिका संवाद आयोजित करने की उत्तरी कोरिया की प्रबल इच्छा को ध्यान में रखते हुए दक्षिणी-उत्तरी कोरिया सम्बन्ध सहित उत्तरी कोरिया-अमेरिका के सम्बन्ध भी विकसित होने चाहिए।"

बैक ताए-ह्यून - प्रवक्ता, एकीकरण मन्त्रालय

23 फरवरी, 2018[25]

23 "N.K. delegate reiterates door open for dialogue with U.S.: Cheong Wa Dae", The Yonhap News, February 26, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/26/0401000000AEN20180226010553315.html

24 "Chief N. Korean delegate says Pyongyang willing to hold talks with U.S.", The Yonhap news, February 25, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/25/0401000000AEN20180225005455315.html

	“यह स्पष्ट है कि उत्तरी कोरिया को युद्ध के लिये लालायित होने का दोष लगाया गया और उस समय किम प्राथमिक आक्रमण ब्यूरो का नेतृत्व कर रहे थे।” "किन्तु यह भी सत्य है कि इस घटना के लिए किसी व्यक्ति विशेष को उत्तरदायी ठहराने की एक सीमा है।" "किन्तु चूँकि उत्तरी कोरिया ने कहा कि समूह की यात्रा ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह में भाग लेने के लिए है और सरकार का विश्वास है कि इस यात्रा से अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों को उन्नत करने तथा शान्ति के लिए वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी अत: सियोल ने किम की यात्रा को मंजूरी देने का निश्चय किया है।” "सरकार विगत में किसने क्या क्या इसके स्थान पर यह देखेगी कि अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों को उन्नतन करने तथा कोरियाई प्रायद्वीप में शान्ति स्थापित करने के लिए व्यावहारिक संवाद किसके नेतृत्व में किया जाये।” **वक्तव्य - एकीकरण मन्त्रालय** 22 फरवरी, 2018[26] "सरकार की योजना उत्तरी कोरिया के आमन्त्रण के सम्बन्ध में शान्तिपूर्ण ढंग से स्थितियाँ सृजित करने के लिए (सम्भावित सम्मेलन हेतु) प्रयास तीव्र करने की योजना है। " "सरकार अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों को उन्नत करने तथा अमेरिका और उत्तरी कोरिया के बीच परमाणु नि:शस्त्रीकरण वार्ता हेतु परिवेश तैयार करने में सहायता (मैत्री) के लिए पहल करना चाहेगी।” "अन्तर-कोरियाई वार्ता तथा प्रासंगिक देशों के साथ समन्वयन के आधार पर सरकार चरणबद्ध ढंग से और व्यापक परमाणु नि:शस्त्रीकरण वार्ताओं के लिए उत्तरी कोरिया को वार्ता करने के लिए प्रयास करेगी।" **नोह क्यू-डुक - प्रवक्ता, विदेश मन्त्रालय** 22 फरवरी, 2018[27] "हमारा मौलिक उद्देश्य वैश्विक प्रतिबन्ध के समग्र ढाँचे का समर्थन करना है," मन्त्रालय के प्रवक्ता ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया।

25 "Seoul says it is difficult to pinpoint mastermind of North's 2010 naval attack", The Yonhap News, February 23, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/23/16/0401000000AEN20180223003251315F.html

26 "Too early to predict U.S.-N.K. contact at Olympics: Seoul minister", The Yonhap News, February 22, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/22/0401000000AEN20180222004852315.html

27 "S. Korea in close consultation with U.S. on N.K delegation's trip", The Yonhap News, february 22, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/22/0401000000AEN20180222009100315.html

	"इस ढाँचे के तहत उत्तरी कोरियाई प्रतिनिधिमण्डल की दक्षिणी कोरिया यात्रा सम्पन्न होने देने के लिए अमेरिका के साथ परामर्श जारी है। " **आधिकारिक - राष्ट्रपति कार्यालय** 22 फरवरी, 2018[28] "हमारा विश्वास है कि राष्ट्रपति मून समापन समारोह में स्वाभाविक रूप से (उत्तरी कोरियाई) प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात करेंगे। " **वक्तव्य - एकीकरण मन्त्रालय** 22 फरवरी, 2018[29] “उत्तरी कोरिया ने अधिसूचित किया कि वह 25 फरवरी से प्रारम्भ होने वाले तीन दिवसीय यात्रा पर प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में पार्टी सेन्ट्रल कमेटी के उपाध्यक्ष किम योंग चोल के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल भेजेगा।’ “उत्तरी कोरिया के उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल में मुख्य प्रतिनिधि किम, प्रतिनिधि रि सोन ग्वान (देश के शान्तिपूर्ण पुन: एकीकरण समिति के अध्यक्ष) तथा छ: सहायक स्टाफ शामिल होंगे।” “हम आशा करते हैं कि प्योंगचांग शीतकालीन ओलम्पिक खेलों के समापन समारोह में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल की भागीदारी अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों तथा परमाणु नि:शस्त्रीकरण को उन्नत करने सहित कोरियाई प्रायद्वीप में शान्ति स्थापित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायता करेगी।” **वक्तव्य - विदेश मन्त्रालय** 21 फरवरी, 2018[30] "अन्तर-कोरियाई तथा अमेरिका-उत्तरी कोरिया वार्ता को प्रमुख स्तम्भ के रूप में अनुरक्षित करते हुए हम पूर्ण तैयारी के साथ वार्ता का प्रयास करेंगे।”

28 "Moon likely to meet N. Korean delegation to Olympics: official", The Yonhap News, February 22, 2017, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/22/32/0401000000AEN20180222006400315F.html
29 "North Korea notifies to send high-level delegation to the closing ceremony of the PyeongChang Winter Olympics", Unification Ministry, ROK, February 22, 2018, www.unikorea.go.kr/eng_unikorea/news/releases/?boardId=bbs_0000000000000034&mode=view&cntId=54168&category=&pageIdx=
30 "S. Korea sees inter-Korean talks as key to North's denuclearization", The Yonhap news, February 21, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/21/55/0401000000AEN20180221003551315F.html

	"हम उत्तरी कोरिया की नाभिकीय समस्या को हल करने में सहायक अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों में एक पवित्र चक्र सृजित करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की सहमति बनाना चाहेंगे।" "इसी समय, जब तक उत्तरी कोरिया नाभिकीय विकास जारी रखेगा तब तक हम अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रतिबन्धों तथा दबाव अभियान में शामिल होकर उत्तरी कोरिया द्वारा परिवर्तन लाने के लिए उसे बाध्य करते रहेंगे। " **कांग क्यूंग-ह्वा - विदेश मन्त्री** 21 फरवरी, 2018[31] परमाणु नि:शस्त्रीकरण पर पूर्ण तैयारी के साथ वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मन्त्री ने कहा, "सरकार उत्तरी कोरिया को अमेरिका से वार्ता करने के लिए विभिन्न चैनलों के माध्यम से प्रयास करेगी और साथ ही द्विपक्षीय वार्ता के सम्भावित पुनरारम्भ के लिए अमेरिका के साथ व्यापक उपायों पर चर्चा करेगी।" **चुंग इयू-योंग - अध्यक्ष, राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय** 21 फरवरी, 2018[32] "ओलम्पिक खेलों के अवसर पर सृजित अन्तर-कोरियाई संवाद की गति बनाये रखते हुए सरकार पूर्ण प्रयास करेगी कि अन्तर-कोरियाई सम्बन्धों तथा कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु नि:शस्त्रीकरण को पारस्परिक इच्छाशक्ति से आगे बढ़ाने में सहायता मिले।" **इम जोंग-सिओक - चीफ ऑफ स्टाफ** 21 फरवरी, 2018 यह पूछने पर कि क्या सरकार उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति की बहन की यात्रा के बदले में सरकार एक विशेष राजदूत भेजने पर विचार कर रही है तो इम ने कहा, "अमेरिका के साथ वार्ता करते हुए हमें शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखने में सहायक यथासम्भव अन्य साधनों की समीक्षा करनी चाहिए।"

31 "S. Korea sees inter-Korean talks as key to North's denuclearization", The Yonhap news, February 21, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/21/55/0401000000AEN20180221003551315F.html
32 "S. Korea to work actively to realize 'constructive' talks between U.S., N. Korea: official", The Yonhap news, February 21, 2018, english.yonhapnews.co.kr/northkorea/2018/02/21/0401000000AEN20180221005251315.html

	सोंग योंग-मूल - रक्षा मन्त्री 19 फरवरी, 2018[33] "ओलम्पिक की भावना के अनुरूप वार्ता स्थगित कर दी गयी।" "हम पैरालिम्पिक के पश्चात वार्ता के लिए सहमत हुए ... और उस वार्ता तक इसकी घोषणा किये जाने तक हम क्या करेंगे इसके विषय में न कोई पुष्टि करेंगे और न अस्वीकार करेंगे।"
चीन	**लू कांग - प्रवक्ता, विदेश मन्त्रालय** 28 फरवरी, 2018[34] "इस मुद्दे पर संवाद आगे बढ़ाने के क्रम में, चीन ने सीमा-रेखा घटाते हुए समकालिक तथा छोटे-छोटे चरणों को अपनाते हुए द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव दिया है। "सीमा-रेखा घटाने" से हमारा अभिप्राय यह पूर्वशर्त नहीं है कि यदि अन्य पक्ष इसे स्वीकार न करे तो इसे उस पर थोपा जाये। विशेष रूप से वे मुद्दे जिनका समाधान भावी वार्ता में किये जाने की आवश्यकता है उन्हें वार्ता पुन: प्रारम्भ करने की पूर्वशर्त न बनाया जाये, क्योंकि यदि हम एक-दूसरे से वार्ता करनी प्रारम्भ नहीं करते हैं तो अन्तत: किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं आ पायेगा।" **गेंगशुआंग - प्रवक्ता, विदेश मन्त्रालय** 23 फरवरी, 2018[35] "हमने भी अनेक बार इस पर बल दिया है कि कोरियाई प्रायद्वीप की नाभिकीय समस्या का मूल कारण सुरक्षा से सम्बन्धित है, जिसका समाधान डीपीआरके और अमेरिका से जुड़ा है। इस प्रकार यदि कोरियाई प्रायद्वीप के परमाणु नि:शस्त्रीकरण की समस्या हल करनी है और कोरियाई प्रायद्वीप की स्थिति में मौलिक आमूलचूल परिवर्तन लाना है तो दोनों पक्षों के मध्य सीधी वार्ता अपरिहार्य है। हमें आशा है कि सभी प्रासंगिक पक्ष एक ही दिशा की ओर मिलकर साथ कार्य कर सकते हैं और डीपीआरके-आरओके सम्बन्धों को उन्नयन में अपना सहयोग जारी रख सकते हैं ताकि कोरियाई प्रायद्वीप में कठिनाई से अर्जित सम्बन्धों की नरमी जारी रह सके और मजबूती प्राप्त कर सके। आशा है कि वार्ता प्रारम्भ करने तथा वार्ता के माध्यम से कोरियाई प्रायद्वीप की समस्या के शान्तिपूर्ण समाधान करने की सार्थक प्रगति हासिल करने की दिशा में डीपीआरके तथा अमेरिका दोनों सकारात्मक कदम उठायेंगे।"

33 "South Korea to announce joint military drill plan with U.S. before April", The Reuters, February 20, 2018, https://www.reuters.com/article/us-northkorea-missiles/south-korea-to-announce-joint-military-drill-plan-with-u-s-before-april-idUSKCN1G407W
34 "Foreign Ministry Spokesperson Lu Kang's Regular Press Conference", The Ministry of Foreign Affairs, PRC, February 28, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1538362.shtml

35 "Foreign Ministry Spokesperson Geng Shuang's Regular Press Conference", The Ministry of Foreign Affairs, PRC, February 23, 2018, http://www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1537681.shtml

	22 फरवरी, 2018[36] "अब आरओके तथा डीपीआरके द्वारा प्रथम मूल्यवान कदम उठाने के बाद हम आशा करते हैं कि अन्य सम्बद्ध पक्ष संयुक्त रूप से श्रमसाध्य वार्ता की गति को संरक्षित और बनाये रखेंगे, ताकि आरओके तथा डीपीआरके के मध्य यह अन्तर्क्रिया समस्त पक्षों और विशेष रूप से डीपीआरके तथा अमेरिका के मध्य व्यापक हो सके, और हम कोरियाई प्रायद्वीप की समस्या के समाधान के लिए वार्ता के द्वार खोलने के निकट पहुँच सकें।"
रूस	**सर्गे लैवरोव - विदेश मन्त्री** 28 फरवरी, 2018[37] "बात यह नहीं है कि हमने इस मुद्दे [दक्षिणी कोरिया के शीर्ष राजनयिक के साथ एक बैठक में सियोल तथा प्योंगयांग के बीच मैत्री के] पर परिचर्चा की या नहीं। कोरियाई एकीकरण का मुद्दा कार्यसूची में एक मौलिक कार्य है, इस दिशा में दोनों देशों आगे बढ़ रहे हैं।" "स्वभावत: हम कोरियाई जनता की इसकी एकता को पुनर्जीवित करने की आकांक्षा का समर्थन करते हैं। हम सहायता के लिए तैयार हैं किन्तु सियोल और प्योंगयांग को अन्तिम निर्णय लेना है। यदि अपने सम्पर्कों के दौरान उन्हें लगता है कि हमारी सहायता आवश्यक है तो मैं गारंटी देता हूँ कि अपने पड़ोसियों के लिए जो कुछ भी उपयोगी होगा हर प्रकार की सहायता करेंगे।" "सैन्य परिदृश्य के विषय में मुझसे पूछने के बजाय अमेरिकी नेतृत्व से पूछा जाना चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अनेक अवसरों पर कहा है कि वे इस समस्या के समाधान के लिए युद्ध सहित सभी आवश्यक कदम उठायेंगे।" "अमेरिका, रूस तथा अन्य देश एक से अधिक बार इस विकल्प के उनके वक्तव्य का समर्थन कर चुके हैं। ये वक्तव्य सूचित करते हैं कि एक मानवीय आपदा आयेगी जिसमें यदि लाखों नहीं तो सैकड़ों-हजारों जीवन समाप्त हो जायेंगे।"

36 "Foreign Ministry Spokesperson Geng Shuang's Regular Press Conference", The Ministry of Foreign Affairs, PRC, February 22, 2018, www.fmprc.gov.cn/mfa_eng/xwfw_665399/s2510_665401/2511_665403/t1536763.shtml

37 "News Feed Moscow ready to assist Seoul and Pyongyang in unification process", TASS, February 28, 2018, http://tass.com/politics/991957; "Lavrov warns military scenario around North Korea will be a disaster", TASS, February 28, 2018, http://tass.com/politics/991940

	सर्गे रयाबकोव - उप-विदेशमन्त्री 26 फरवरी, 2018[38] “ओलम्पिक खेलों के कारण बाधित प्योंगयांग तथा सियोल वार्ता को आगे बढ़ाने के परिदृश्य के बीच अमेरिका द्वारा उत्तरी कोरिया पर दबाव बढ़ाने के नये अभियान के प्रति हम चिन्तित हैं।” "अमेरिका द्वारा घोषित प्रतिबन्धों में अनेक चेतावनीपरक तथा कष्टकारक पहलू हैं। यह उस सहमति के विरुद्ध है जो उस प्रसार सुरक्षा पहल (पीएसआई) सहित जिसमें हम भी भाग ले रहे हैं, हाल ही में सामूहिक प्रारूप में पहुँची थी।" "जहाँ तक प्योंगयांग पर प्रतिबन्ध कड़े करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को पुन: सक्रिय करने के नवीन विचारों का प्रश्न है तो हम हमारी स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के माध्यम से प्रतिबन्ध बढ़ाने की सम्भावनाएँ लगभग समाप्त हैं। अमेरिका इस बात को जानता है और इसकी बार-बार चर्चा की जा चुकी है।" "जब अनेक देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में किसी बात पर सहमत हो चुके हों और संगत निर्णय ले चुके हों तो हम अमेरिका के एक पक्षीय प्रतिबन्ध के दबाव को तुरन्त इसके बाद या कुछ समय बाद बार-बार उसी स्थिति को दुहरा नहीं सकते हैं। "क्या हम साझेदारी के विषय में यहाँ कोई बात कर सकते हैं? वाशिंगटन के व्यवहार को वर्णित करने के लिए यह शब्दावली प्रयुक्त नहीं की जा सकती है।" **उपविदेशमन्त्री इगोर मोरगुलोव** 24 फरवरी, 2018[39] "मैं आश्वस्त हूँ कि कोरियाई प्रायद्वीप की गत्यात्मक परिवर्तनशील स्थिति के लिए रूस तथा अमेरिका के मध्य इस विषय पर बातचीत आवश्यक है।”

38 "Moscow warns against strengthening North Korean sanctions", TASS, February 26, 2018, http://tass.com/politics/991558

39 “Korean Peninsula’s situation requires active dialogue Russia-US - diplomat", TASS, February 24, 2018, http://tass.com/politics/991444

	"हम दोनों पक्षों की सुविधानुसार तिथि को लेकर चर्चा कर रहे हैं। मैं नहीं बता सकता कि यह बैठक कब होगी। " 24 फरवरी, 2018[40] "हमारी स्थिति आर्थिक सहयोग सहित अन्तर-कोरियाई संवाद का विस्तार है जिसमें रूस, डीपीआरके तथा कोरिया गणराज्य की सुप्रसिद्ध त्रिपक्षीय परियोजनाओं का क्रियान्वयन है।" "उदाहरण के लिए, उत्तरी कोरिया के राजिन से होकर दक्षिणी कोरिया तक रूसी कोयले की आपूर्ति जैसे सहयोग गत दिसम्बर के प्रस्ताव 2397 सहित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित प्रबन्धों से परे हैं।"
जापान	**तारो कोनो - विदेश मन्त्री** 27 फरवरी, 2018[41] "यद्यपि प्रतिबन्धों के दबाव के कारण उत्तरी कोरिया ने आक्रामक रुख अपनाया है किन्तु यदि उत्तरी कोरिया आणविक, मिसाइल तथा अपावर्तन मुद्दे का पूर्ण प्रत्युत्तर देता है तो अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय संवाद के लिए तैयार रहेगा। जापान को आशा है कि उत्तरी कोरिया का नेतृत्व अपनी वर्तमान नीति में स्पष्ट परिवर्तन करेगा और वार्ता के लिए तत्पर होगा।" "अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी की एक निरीक्षण टीम उत्तरी कोरिया में निरीक्षण प्रारम्भ करने के लिए तैयार है और यदि उत्तरी कोरिया अपने नाभिकीय और मिसाइल कार्यक्रमों को समाप्त करने तथा अपावर्तन मुद्दे को हल करने के लिए अपने इरादों को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है और इस दिशा में ठोस कार्यवाही करता है तो यह निरीक्षण सम्पन्न कराया जायेगा। यदि अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय सावधानीपूर्वक निगरानी के माध्यम से यह सुनिश्चित करने में समर्थ है कि उत्तरी कोरिया अपने नाभिकीय एवं मिसाइल कार्यक्रमों की समाप्ति की ओर अन्तिम, अनुत्क्रमणीय तथा पुष्टिकारक कदम उठायेगा और सुनिश्चित करेगा कि अपावर्तन का मुद्दा हल कर लिया गया है तो अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय अनेक आर्थिक सहायता प्रावधानों सहित उत्तरी कोरिया के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है।"

40 "Inter-Korean dialogue may progress from joint projects with Russia - diplomat", TASS, February 24, 2018, http://tass.com/politics/991443
41 "Press Conference by Foreign Minister Taro Kono Tuesday", MOFA, Japan, , February 27, 2018, www.mofa.go.jp/press/kaiken/kaiken4e_000467.html

	तारो कोनो - विदेश मन्त्री 23 फरवरी, 2018[42] "उत्तरी कोरिया के प्रत्युत्तर में जापान, अमेरिका तथा आरओके के मध्य कोई भी विसंगति बिलकुल नहीं है।"

****

** डॉ. जोजिन वी. जॉन, शोधकर्ता, वैश्विक मामलों की भारतीय परिषद, नई दिल्ली।*
अस्वीकरण : इसमें व्यक्त विचार शोधकर्ता के हैं न कि परिषद के।

42 "Press Conference by Foreign Minister Taro Kono", Ministry of Foreign Affairs, February 23, 2018, www.mofa.go.jp/press/kaiken/kaiken4e_000466.html